सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है संविधान : कांग्रेस

जिला कांग्रेस कार्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम

मंडला, देशबन्धु। संविधान दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने कहा कि हमारा संविधान, देश का सर्वोच्च विधान है, जो समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्रदान करता है। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने संविधान सभा में निम्नलिखित प्रस्ताव रखे थे।

यह संविधान सभा भारत को एक स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य घोषित करने तथा उसके भावी शासन के लिए एक संविधान तैयार करने के अपने दृढ़ और गंभीर संकल्प की घोषणा करती है, जिसमें वे क्षेत्र जो अब ब्रिटिश भारत का हिस्सा हैं, वे क्षेत्र जो अब भारतीय राज्यों का हिस्सा हैं, तथा भारत के ऐसे अन्य भाग जो ब्रिटिश भारत और राज्यों से बाहर हैं, तथा ऐसे अन्य क्षेत्र जो स्वतंत्र संप्रभु भारत में शामिल होने के इच्छुक हैं, उन सभी का एक संघ होगाय तथा जिसमें उक्त क्षेत्र, चाहे उनकी वर्तमान सीमाओं के साथ या ऐसे अन्य सीमाओं के साथ जो संविधान सभा द्वारा और उसके बाद संविधान के कानून के अनुसार निर्धारित किए जा सकते हैं, अवशिष्ट शक्तियों के साथ स्वायत्त इकाइयों का दर्जा रखेंगे और बनाए रखेंगे।

सरकार और प्रशासन की सभी शक्तियों और कार्यों का प्रयोग करेंगे, सिवाय उन शक्तियों और कार्यों के जो संघ में निहित हैं या उसे सौंपे गए हैं, या जो संघ में अंतर्निहित या निहित हैं या उससे उत्पन्न होते हैंय और जिसमें संप्रभु स्वतंत्र भारत, उसके घटक भागों और सरकार के अंगों की सभी शक्ति और अधिकार जनता से प्राप्त होते हैंय विधि विशेषज्ञ एड संजय चौरसिया,एड इम्तियाज अख्तर ने बताया कि भारत के सभी लोगों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की गारंटी दी जाएगीय स्थिति, अवसर और कानून के समक्ष समानताय कानून और सार्वजनिक नैतिकता के अधीन विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म, उपासना, व्यवसाय, संघ और कार्रवाई की स्वतंत्रताय और जिसमें अल्पसंख्यकों, पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों और दलित और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगीय और जिसमें गणराज्य के क्षेत्र की अखंडता और भूमि, समुद्र और हवा पर इसके संप्रभु अधिकारों को न्याय और सभ्य राष्ट्रों के कानून के अनुसार बनाए रखा जाएगाय यह प्राचीन भूमि दुनिया में अपना सही और सम्मानित स्थान प्राप्त करेगी और विश्व शांति और मानव जाति के कल्याण को बढ़ावा देने में अपना पूर्ण और स्वैच्छिक योगदान देगी।

इस अवसर पर एड संतोष कछवाहा, एड मयूर चौरसिया, एड राहुल समतानी, एड रजनीश रंजन उसराठे, एड कोविद सिंह ठाकुर, इंद्रजीत भंडारी, योगेश उपाध्याय, राजेश मिश्रा, डॉ भारती तिलगाम,पूजा शिववंशी,आशु जैन,अमित शुक्ला आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में एनसीसी का स्थापना दिवस मनाया

भुआ बिछिया, देशबन्धु। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल सिझौरा में 76वां राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 1 एमपी आर्टी रेजिमेंट जबलपुर के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक गण और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ 'प्लास्टिक मुक्त भारत' अभियान के तहत एक रैली निकालकर किया गया। इस रैली में कैडेट्स ने 'प्लास्टिक का प्रयोग बंद करो' का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया। रैली के बाद कैडेट्स ने प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ ली। ततपश्चात कैडेट्स ने खैरकी वाटरफॉल का भ्रमण किया। वहां उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्लास्टिक कचरा की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान के माध्यम से कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य द्विय ए. जे. सिंह एवं सुश्री पूनम सिंघल ,एनसीसी प्रभारी श्री छवि कुमार चौधरी, हवलदार पुनीत,दुर्गेश सोनवानी के साथ पूरा शाला परिवार उपस्थित रहा।

सार-समाचार

महिष्मती घाट में पंचचौकी महाआरती में शामिल हुए राज्यपाल

मंडला, देशबन्धु। राज्यपाल कर्नाटक थावरचंद गहलोत की उपस्थिति में मंगलवार को माँ नर्मदा नदी के माहिष्मती घाट में संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती संपन्न हुई। माहिष्मती घाट में पंचचौकी महाआरती का आयोजन अमृता चौक, रेवा चौक, नर्मदा चौक, शांकरी चौक और मेकलसुता चौक में संपन्न हुआ। राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत माहिष्मती घाट में आयोजित पंचचौकी महाआरती में शामिल हुए। उन्होंने नर्मदा नदी में दीप प्रवाहित कर प्रणाम किया। पंचचौकी महाआरती को लेकर सभी में भारी उत्साह और उल्लास देखने को मिला। पंचचौकी महाआरती में जिले के अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, श्रद्धालु, पत्रकार और नागरिकगण शामिल हुए। माहिष्मती घाट में आयोजित पंचचौकी महाआरती के दौरान नर्मदा नदी में दीप प्रवाहित किया गया। जिससे नर्मदा नदी का जल दीपों से झिलमिला उठा। इस अवसर पर नर्मदा अष्टक गान 'पदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे' नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती उतारी गई, इसके बाद 'ऊँ जय जगदा नंदी' आरती गाया गया। जय नर्मदे, जय राधेकृष्णा और जय-जयकार किया गया। आरती समापन के बाद कार्यक्रम स्थल में सभी को प्रसादी का वितरण किया गया। पंचचौकी महाआरती में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद कुमार सिंह, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ़ समाजसेवी उमाशंकर सिंधिया सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकारगण, श्रद्धालु और जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

लोक तंत्र सेनानी संघ ने सौंपा ज्ञापन

मंडला, देशबन्धु। संविधान दिवस के अवसर पर लोक तंत्र सेनानी संघ मंडला द्वारा , कलेक्टर मंडला के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए जून 1975 में लगाए गए आपातकाल पर सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने बालों में लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष बालकृष्ण खंडेलवाल, रोचिराम गुरुवानी, राजेश जैन, महेंद्र पटेल, विकास खंडेलवाल, आदि उपस्थित रहे।

संपतिया उइके ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया

मंडला, देशबन्धु। कर्नाटक के राज्यपाल थावर सिंह गहलोत का मंगलवार को सर्किटहाउस मंडला में अल्प प्रवास हुआ। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने राज्यपाल गहलोत को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, कर्मचारी मौजूद थे।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 107 आवेदकों की समस्याएं

मंडला, देशबन्धु। मंगलवार को हुई जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने अलग-अलग अनुविभागों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं का परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में कुल 107 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ़ एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित गतिविधियां आयोजित

भुआ बिछिया, देशबन्धु। शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत अकादमी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन दिनांक गत दिवस किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता जिसमें छात्र छात्राओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पोस्टरों का निर्माण किया। भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत लोक नृत्य लोक गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने अंचल के लोकनाट्य एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी। अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की संरक्षिका डॉ .राजेश्वरी मरकाम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मंच संचालन ओमप्रकाश झारिया एवं डॉ रेखा पटेल के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति से अवगत कराना एवं अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजना आदि का महत्व बताना एवं प्रतियोगिता के माध्यम से हम अपनी प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा एवं प्राचीन सभ्यता को सभी के सम्मुख किस प्रकार से प्रदर्शित करते हैं कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न आयोजन समितियो की महिती भूमिका रही कार्यक्रम में उत्साह के साथ छात्राओं ने अपने अंचल की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार चित्र भावना बाबरा रोहणी कोस्टा राखी वंशकार अनिल कुमार परते शंकर लाल धुर्वे सुखदेव वरकडे डॉ संजय सिंह बागरी डॉ अशोक बघेल सौरभ सोनी मयंक यादव पुष्पेंद्र यादव एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

राम कथा में विधायक नारायण सिंह पट्टा ने किया व्यास पूजन

भुआ बिछिया, देशबन्धु। मंडला नगर की सरगम कॉलोनी में पिछले एक सप्ताह से चल रही राम कथा में व्यास पीठ से मानस माधुरी पण्डिता अखिलेश्वरी देवी द्वारा भगवान रामचंद्र जी की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया जा रहा है जहां श्रद्धालु विशाल संख्या में पहुंच रहे हैं इस राम कथा में धर्मप्रेमी नगरवासी इसका लाभ ले रहे हैं, इस अवसर पर आज की कथा में क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा भी पहुंचे और उन्होंने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया साथ ही धर्मप्रेमी श्रोताओं के बीच बैठकर कथा श्रवण की..कथा में विधायक के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र दीक्षित वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र रावत डमरू राजपूत मनराज राजपूत के साथ अन्य कार्यकर्ता गण भी साथ मौजूद रहे।

कलेक्टर ने की खेलो एमपी यूथ गेम्स की समीक्षा

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में खेलो इंडिया की तर्ज पर जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स के संबंध में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, खेल संघ एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों के समन्वय से ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन कर अधिक से अधिक खिलाड़ियों को सम्मिलित कराते हुए उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन करें। कलेक्टर ने जिले में खेल अधोसंरचना तथा खिलाड़ियों की मूलभूत आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र ठाकुर ने बताया कि खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024'' का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। उक्त आयोजन में 19 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रतिभागिता कर सकेंगे। एक खिलाड़ी एक ही खेल में प्रतिभागिता कर सकेगा। ब्लॉक स्तर पर चयन स्पर्धा, जिला एवं संभाग स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 19 खेलो-एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, जूडो, टेबिल-टेनिस, योगासन, व्हालीवाल टेनिस एवं शतरंज में किया जावेगा।

मंत्री उइके ने दिलाई संविधान दिवस की शपथ

मंडला, देशबन्धु। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि आज सौभाग्य का दिन है कि पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। संविधान निर्माण के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। जिससे हमारे देश का संविधान पूर्ण तरह से लागू हो सका।

पूरे देश में संविधान दिवस की शपथ ली जा रही है, भारतीय संविधान में हमारे मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आव्हान है कि इस संविधान के प्रति उनमें अटूट विश्वास व श्रद्धा है।

मंत्री संपतिया उइके मंगलवार को जिला योजना भवन में आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और पत्रकारगणों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंत्री संपतिया उइके के आगमन पर उन्हें पौधा भेंट किया। इस अवसर पर नगरपालिका मंडला अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद कुमार सिंह सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं पत्रकारगण मौजूद थे।

मंत्री संपतिया उइके ने शपथ दिलाई कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष, लोक तंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई. (मिती मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी संवत दो हजार छः विक्रमी) को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्म समर्पित करते हैं। इस अवसर पर संविधान पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई और राष्ट्रगान गाया गया।

रंगमंच निर्माण से कला को बढ़ावा मिलेगा: उइके

सूर्यकुंड मंदिर के निकट रंगमंच का भूमिपूजन किया

मंडला, देशबन्धु। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि सूर्यकुंड मंदिर के निकट रंगमंच का निर्माण होने से सांस्कृतिक गतिविधियों और धार्मिक आयोजनों को प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे इस क्षेत्र की कला और संस्कृति का विस्तार होगा। मंत्री संपतिया उइके मंगलवार को ग्राम सकवाह, जनपद पंचायत मंडला में रंगमंच के भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

मंत्री संपतिया उइके के आगमन पर उनका फूलगुच्छ एवं कलश यात्रा से स्वागत किया गया। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रंगमंच का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को रहने के लिए पक्के मकान उपलब्ध कराए हैं। पहले गरीब परिवारों के लिए पक्के मकान में रहना एक सपने के समान था, जिसे प्रधानमंत्री जी ने साकार कर दिया है। प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत देश के प्रत्येक नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के मकान बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों का कल्याण करने के लिए लगातार काम कर रही है। हमारी सरकार की अधिकांश योजनाएं गरीबों के उत्थान करने के लिए संचालित है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रत्येक नागरिकों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अब 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के भी आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि गांव-गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए पक्की सड़कों का निर्माण किया जाएगा, इससे आवागमन सुविधा बेहतर बनेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की अधिकांश योजनाएं हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए संचालित हैं। इन योजनाओं से ग्राम पंचायतों में हितग्राहियों का चयन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

कार्यशाला में किसानों को मछली पालन का प्रशिक्षण दिया

मंडला, देशबन्धु। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट के निर्देशन में खेत तालाब योजना अंतर्गत ग्राम रामनगर घुघरी विकासखंड में मत्स्य पालन कर रहे किसानों को मत्स्य पालन हेतु कार्यशाला आयोजित की गई।

जिसमें ग्राम सुरेहली, चौबा, कुसमी, कचनारी, दुलादर, भैंसवाही के किसान उपस्थित हुए। कार्यशाला में मत्स्य विभाग की विभागीय योजनाओं को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिससे किसान अपने खेत तालाब में तकनीकी रूप से मत्स्य पालन कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

आयोजित कार्यशाला में मत्स्य विभाग से सहायक मत्स्य अधिकारी श्री आर.आर. धुर्वे और एस.के. भारद्वाज मत्स्य निरीक्षक ने आधुनिक तौर से मछली पालन कैसे करते हैं, उपर्युक्त बिंदुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत 10 किसानों का एनएफडीपी पोर्टल में पंजीयन किया गया। कार्यशाला में प्रदीप कुमार कुशवाहा विकासखण्ड समन्वयक वाटरशेड एवं पारस चौरसिया विकासखंड अभियंता वाटरशेड जनपद पंचायत घुघरी उपस्थित रहे।